प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 06/2024)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट

नई दिल्ली 20 फरवरी 2024: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें प्राधिकरण की गतिविधियों का विवरण, प्रमाणित लेखा और उसके ऑडिट रिपोर्ट को लोकसभा के पटल पर दिनांक 20 दिसंबर 2023 एवं राज्यसभा के पटल पर दिनांक 9 फरवरी 2024 को रखा गया।

2. भादूविप्रा की वार्षिक रिपोर्ट में नीतियों और कार्यक्रमों का विवरण, दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्र के सामान्य वातावरण की समीक्षा, भादूविप्रा के कार्य एवं संचालन की समीक्षा, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम 1997 की धारा 11 में निर्दिष्ट मामलों और वित्तीय मामलों सहित संगठनात्मक विषय शामिल है।

3. सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भादूविप्रा के वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति भादूविप्रा (www.trai.gov.in) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4. किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है: श्रीमती वंदना सेठी, सलाहकार (प्रशासन एवं आई आर) 011-23221509, ईमेल आईडी: advadmn@trai.gov.in ।

वि. रघुनंदन

(वि. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा